# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जून 2023




नगर पालिक निगम भिलाई

# मेगा जॉब ऑफर के तहत युवक-युवतियों ने दिलाया इंटरव्यू, चयनित प्रथम बैच के 25 लोगों को महापौर नीरज पाल ने सौपा नियुक्ति पत्र

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ सरकार की घोषणा के अनुरूप आईटी सेक्टर की ओर बढ़ते भिलाई में बीपीओ कॉल सेंटर खुलने जा रहा है। इसके लिए आज बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार प्रदान करने के लिए विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की पहल से इंटरव्यू लेने के लिए तथा जॉब प्रदान करने के लिए साक्षात्कार का आयोजन खुर्सीपार के मंगल भवन में किया गया था।चयनित युवक एवं युवतियों को बैच के मुताबिक उन्हें सूचना देकर जॉइनिंग के लिए बुलाया जाएगा। जॉइनिंग के लिए बुलाने के पश्चात इनकी प्रशिक्षण होगी और प्रशिक्षण के उपरांत इन्हें जॉब प्रदान किया जाएगा। टेक्नोटास्क बिजनेस सालूशन संस्था के द्वारा बेरोजगार युवक एवं युवतियों का वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से साक्षात्कार लिया गया। इंटरव्यू में सिलेक्ट हुए प्रथम बैच के 25 लोगों को महापौर नीरज पाल ने मौके पर ही नियुक्ति पत्र सौंपा और उन्हें नियुक्ति होने पर बधाई तथा शुभकामनाएं प्रेषित की। इंटरव्यू में लगभग 1200 युवक एवं युवतियां शामिल हुए थे। अन्य जिले तथा अन्य शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में रोजगार पाने के लिए व्यक्ति साक्षात्कार में शामिल होने खुर्सीपार के मंगल भवन में पहुंचे थे। चयनित युवक और युवतियों को बैच के मुताबिक सेलेक्ट किया जाएगा एक बैच में 25 लोगों को शामिल किया जाएगा और इसी के मुताबिक इन्हें सूचना देकर जॉइनिंग के लिए ऑफर दिया जाएगा। आज नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान विशेष रूप से जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, खुर्सीपार की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले आदि मौजूद रहे।



# गुब्बारा छोड़कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, नागरिकों को अधिक से अधिक पौधे रोपित कर सुरक्षित एवं संरक्षित रखने भिलाई निगम की अपील

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राधिका नगर एसएलआरएम सेंटर में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर परिषद की सदस्य तथा उद्यान एवं पर्यावरण विभाग की प्रभारी नेहा साहू, एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, मालती ठाकुर, पार्षद उमेश साहू, दिनशा तुमाने, अली हुसैन सिद्धिकी तथा नागरिकों ने गुलमोहर, महानीम, कदंब, बादाम, स्टोपीडिया एवं ताबुदियारोजा, जामुन, करंज जैसे किस्मों के पौधे रोपित किए। पौधे रोपित करने के साथ ही इसके सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। नगर पालिक निगम भिलाई अपील करता है कि आम नागरिक भी अधिक से अधिक पौधे रोपित करें और उसे सुरक्षित एवं संरक्षित रखने का प्रयास करें। आज सभी जोन क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को शामिल करते हुए पौधारोपण किया गया। पौधारोपण के कार्यक्रम में जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, जनसंपर्क अधिकारी पीसी सार्वा, ईई विनीता वर्मा, सहायक अभियंता आर एस राजपूत, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# रीपा के तर्ज पर भिलाई में खुलेगा इंड्रस्टिज पार्क

भिलाईनगर/ प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व वार्ड क्रं. 06 सुपेला के लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर खुलेगा रीपा के तर्ज पर अर्बन काटेज एवं सर्विस इंड्रस्टिज पार्क जिसमें युवाओं को स्वरोजगार स्टाट-अप गतिविधियों के लिए निगम क्षेत्र में स्थल उपलब्ध कराकर सुविधाए प्रदान किये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा दी गई है। जिसमें भिलाई क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री द्वारा रीपा के तर्ज पर अर्बन काटेज एवं सर्विस इंड्रस्टिज पार्क स्थापना किये जाने की घोषणा कर राशि का प्रावधान किया गया है। निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्र में रिक्त आवासीय/व्यवसायिक/आवास सह व्यवसाय भूखण्डो के अंतरण, निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल एवं अर्धकुशल वाहन चालको का वेतन भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। अधोसंरचना मद के अंतर्गत शिव शक्ति कालोनी के मांझी चैंक से गणेश चैंक तक 9.99 लाख रू. के व्यय से डामरीकरण कार्य की स्वीकृति, वार्ड 26 लाल बहादुर शास्त्री सरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। महापौर परिषद की बैठक में सीजू एन्थोनी, केशव चैबे, आदित्य सिंह, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चन्द्रशेखर गवई, लालचंद वर्मा, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे आदि उपस्थित रहें।



# घर बैठे प्राप्त करें 1 रुपए शुल्क के साथ कुछ ही समय में भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र, निगम दफ्तर आने की आवश्यकता नहीं

भिलाई नगर/ भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए निगम दफ्तर आने की आवश्यकता नहीं है घर बैठे ही ऑनलाइन भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है और वह भी महज कुछ ही समय में 1 रुपए शुल्क के साथ। ऐसे हितग्राही जो भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाह रहे हैं वह सीधे निगम के पंजीकृत वास्तुविद के माध्यम से समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ www.bpms.sudacg.in में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। दस्तावेज की प्रविष्टि भी ऑनलाइन करनी होगी। वहीं जहां भवन अनुज्ञा के लिए आवेदन करने के बाद पहले उप अभियंता, सहायक अभियंता कार्यपालन अभियंता, जोन आयुक्त एवं भवन अनुज्ञा अधिकारी से होकर प्रकिया गुजरती थी, वह प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है और सीधे भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र ऑनलाइन के माध्यम से मिल रहा है। इस प्रणाली की खास बात यह है की इस योजना से पारदर्शिता भी बनी रहेगी वहीं गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार के लिए यह और अधिक लाभदायक साबित होगा, नौकरी पेशा लोगो को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अवकाश लेकर दफ्तरों में आने की जरूरत नहीं होगी। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त ने इस योजना से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।



# मुख्यमंत्री घोषणा के तहत निगम को हैंडओवर सभी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियों का होगा विकास

भिलाई नगर/ महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता तथा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में व महापौर परिषद के सदस्यों की मौजूदगी में आज महापौर परिषद की बैठक संपन्न हुई। महापौर परिषद से मंजूरी मिलने के बाद हाउसिंग बोर्ड एवं अन्य कॉलोनी जो नगर निगम को हस्तांतरित हुई है उनका आंतरिक विकास किया जाएगा। इसकी स्वीकृति आज महापौर परिषद ने दे दी है। हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनियों में नाली निर्माण, सड़क एवं लाइट, सेप्टिक टैंक निर्माण, सीवर लाइन, डीआई पाइप लाइन बिछाने का कार्य, मार्ग सीमेंटीकरण कार्य, डामरीकरण कार्य आदि किए जाएंगे। विकास कार्य करने के लिए 19 करोड़ 18 लाख का प्राक्कलन तैयार किया गया है। इसकी मंजूरी भी महापौर परिषद से मिल गई है। इसके अतिरिक्त जोन क्रमांक 4 अंतर्गत शिवालय रोड, एनवी रोड, राकेश होटल रोड तथा वार्ड 48 के आंतरिक डामरी कृत मार्गों का चौड़ीकरण कार्य तथा जोन क्रमांक 1 अंतर्गत सुपेला चौक से राजेंद्र प्रसाद चौक तक डामरीकृत मार्गों का नवीनीकरण कार्य को एमआईसी से स्वीकृत कर दिया गया है। आज की बैठक में महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, साकेत चंद्राकर, मालती ठाकुर, एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, केशव चौबे, आदित्य सिंह, मीरा बंजारे, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गवई तथा नेहा साहू मौजूद रही।



# प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई के प्रति किया गया जागरूक, निगम सभागार में रखी गई कार्यशाला

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहर के स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई के प्रति जागरूकता लाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर किया गया। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन ने स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि जहां भी दुकानें लग रही है उसके आसपास साफ, सफाई रखना दुकान मालिक की महती जिम्मेदारी है, आसपास की सफाई के साथ ही दुकानों में भी विशेष सफाई का ध्यान रखना जरूरी है। इसके लिए दुकानों में आवश्यक रूप से सूखा कचरा तथा गीले कचरे के लिए डस्टबिन रखना जरूरी है। इसके तहत जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जननी सुरक्षा योजना तथा श्रम योगी मानधन योजना का लाभ मिलता है। आज के कार्यशाला में लगभग 80 से अधिक स्ट्रीट वेंडर शामिल हुए। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को सफाई किट के तहत एप्रोन, ग्लव्स, कैप एवं मास्क भी प्रदान किया गया तथा सुरक्षित तरीके से खाद्य सामग्री बेचने प्रशिक्षित किया गया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, नोडल अधिकारी प्रीति सिंह, मिशन मैनेजर नलिनी तनेजा, अमन पटले एवं एकता शर्मा आदि मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत सवर रहे हैं भिलाई के स्कूल, नए कलेवर में नजर आएंगे स्कूल

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत भिलाई के स्कूलों को संवारने का काम किया जा रहा है। इसके तहत स्कूलों का मरम्मत एवं संधारण का काम अब अंतिम चरण पर है। अधिकतर स्कूलों में मरम्मत एवं संधारण का कार्य पूर्ण हो चुका है उसके बाद से स्कूल एक नए कलेवर में नजर आने लगेगा। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना पर भिलाई निगम के सभी जोन आयुक्त युद्ध स्तर पर कार्य कर रहे हैं। अधिकारियों को आयुक्त ने लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं जिसके चलते अधिकारियों के निगरानी में स्कूलों का संधारण एवं मरम्मत कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। सभी जोन आयुक्त अपने अभियंताओं के साथ स्कूलों का प्रतिदिन निरीक्षण करते हुए कार्य को अंतिम चरण की ओर ले जाने का कार्य कर रहे हैं। मरम्मत एवं संधारण के पश्चात स्कूल एक अलग लुक में नजर आने लगा है तथा विद्यार्थियों को भी शिक्षा ग्रहण करने में अच्छा वातावरण मिलेगा। माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की निर्देश पर भिलाई के शासकीय स्कूलों में आवश्यकता अनुसार सभी प्रकार के मरम्मत एवं संधारण के कार्य हो रहे हैं। आगामी मानसून को देखते हुए भी स्कूलों में मरम्मत एवं संधारण की आवश्यकता थी जो कि अब योजना के तहत पूरी हो जाएगी और एक अच्छे माहौल में विद्यार्थी शिक्षा अध्ययन कर पाएंगे।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्री गुरुनानक देव सरोवर में महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास सहित महापौर परिषद के सदस्य

भिलाई नगर/ गुरुनानक देव सरोवर भेलवा तालाब परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, जिला अध्यक्ष भिलाई शहर कांग्रेस कमेटी मुकेश चंद्राकर सहित महापौर परिषद के सदस्य एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। प्रशिक्षित योग गुरु के माध्यम से सभी ने प्रार्थना से योग की शुरुआत की और विभिन्न मुद्राओं में योग किया। महापौर ने भिलाई वासियों को योग दिवस पर बधाई और शुभकामनाएं दी तथा योग को नियमित दिनचर्या में अपनाने की अपील भी की। महापौर ने कहा कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन की एकाग्रता बढ़ती है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा को भी बल देती हैयोग दिवस के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य सीजू एंथोनी एवं अन्य पार्षद गण सहित गणमान्य नागरिक तथा जोन आयुक्त एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। अलग-अलग योग मुद्राओं को सीखते हुए मन को एकाग्र रखने के अलग-अलग आसन सीखे साथ ही कई आसनों को सीखते हुए प्रश्नचित मुद्रा में कैसे रह जा सकता है शरीर को स्वस्थ रखते हुए किस प्रकार से रोगों को दूर भगाया जा सकता है इन सभी को योग के माध्यम से योग प्रशिक्षक ने जानकारी दी और सभी आसनों को करके सिखाया। इस दौरान जोन आयुक्त राजेंद्र नायक, जनसंपर्क अधिकारी पीसी सार्वा, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता आर एस राजपूत, अजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।



# महापौर नीरज पाल ने पीलिया प्रभावित क्षेत्र का लिया जायजा, सीवर लाइन तत्काल प्रभाव से चेंज करने के दिए निर्देश

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने आज पीलिया प्रभावित क्षेत्र वार्ड क्रमांक 38 का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने वार्ड के नागरिकों से साफ एवं उबला हुआ पानी पीने की अपील की। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीवर लाइन को शीघ्र ही परिवर्तन किया जाए तथा नया सीवर लाइन बिछाई जाए।

इस पर सीवर लाइन बिछाने तथा चेंबर परिवर्तन करने और सीवर की पाइप लाइन बदलने का कार्य कल से प्रारंभ हो जाएगा। महापौर ने अपने निरीक्षण के दौरान नाली तथा साफ, सफाई की व्यवस्था भी देखी। उन्होंने पानी सैंपल की जांच नियमित रूप से हो रही है नहीं इसकी जानकारी अधिकारियों से ली और पानी सैंपलिंग निरंतर करने के निर्देश दिए। वार्ड में अधिकतर मकान बीएसपी क्वार्टर के बने हुए हैं जहां लोग निवासरत है। आज महापौर के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, उप अभियंता चंद्रकांत साहू एवं चंदन निर्मल आदि मौके पर मौजूद रहे।



# मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 39 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत सोमवार को सर्व समाज मांगलिक भवन में विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्यमंत्री जी के ओएसडी मनीष बंछोर, महापौर नीरज पाल, मुख्यमंत्री जी की सुपुत्री डॉक्टर श्वेता बघेल, निगम आयुक्त रोहित व्यास, अंताव्यवसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद की सदस्य मीरा बंजारे एवं रीता सिंह गेरा आदि ने नए जोड़ों को उनके आगामी सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। सर्व समाज मांगलिक भवन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के कार्यक्रम में 39 जोड़ों का विवाह हुआ और वे सभी आज परिणय सूत्र में बंधे। महापौर नीरज पाल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को शासन की महत्वकांक्षी योजना बताया। वही निर्धन परिवार की कन्याओं तथा बेसहारा कन्याओं को भी इस विवाह योजना से लाभ मिलता है। इस योजना में खास बात यह है कि विवाह की संपूर्ण सामग्री जैसे वस्त्र, अलमीरा, पेटी, रैक, बर्तन, ड्रम, कुकर, चांदी, मंगलसूत्र, बिछिया और घड़ी सेट एवं 21000 रुपए चेक के माध्यम से दिया जाता है, इसकी व्यवस्था मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अधीन प्रशासनिक तौर पर होती है। मांगलिक भवन के आयोजित कार्यक्रम में 39 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत पूरे विधि, विधान से एवं मंत्र उपचार के द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। पूरे धूमधाम से बारात भी निकाली गई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह में वर-वधु अत्यंत प्रसन्न चित्त नजर आए वहीं इनके परिचित एवं परिजन भी बड़ी संख्या में विवाह समारोह में शामिल हुए।



# भिलाई निगम से 15 अधिकारी/कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत 15 अधिकारी/कर्मचारी की अर्धवार्षिक आयु 62 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें सेवानिवृत्ति प्रदान की गई है। निगम सभागार में ससम्मान विदाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को शाल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह सम्मान के साथ भेंट किया गया। विदाई समारोह के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के परिजन भी मौजूद रहे। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में अधीक्षण अभियंता भूपेंद्र कुमार देवांगन, सहायक अभियंता तपन अग्रवाल, उप अभियंता विष्णु प्रसाद चंद्राकर, सहायक अधीक्षक उषा देशमुख, स्वच्छता पर्यवेक्षक महेश कुमार पांडे, अनुरेखक घनश्याम साहू, समय पाल हरजिंदर सिंह भट्टी, पंप सहायक शाहिन बेगम, पंप सहायक रामदास साहू, वाहन चालक दीपक कुमार मेश्राम, चैनमेन हरीश चंद्र साहू, चौकीदार सुखदेव कौशिक, भृत्य भागवत प्रसाद साहू, मजदूर खेतीहारिन बाई तथा सफाई कामगार एम मारकू शामिल है। इन सभी को भिलाई निगम की ओर से सभागार में सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं अभियंता गण तथा निगम के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।




**Editorial Board**

**श्री रोहित व्यास**
भा.प्र.से.
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री पी.सी सार्वा**
**जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**